Regarding central aid for Maharashtra during for this flood like situation

SHRI OMPRAKASH BHUPALSINH *ALIAS* PAVAN RAJENIMBALKAR (OSMANABAD): Hon. Chairperson, thank you Madam. Considering the flood like situation in my state Maharashtra, I asked a starred question on 2nd December regarding central aid for Maharashtra during for this flood like situation. In a written reply Government replied to me saying that there is no proposal received from the state for helping the affected people. It seems that the answers we get from government are false. It is affecting our rights as a member of Parliament.

मैं थोड़ा सो कोट कर दूं, वर्ष 2025 के दौरान आई बाढ़ के मद्देनजर राज्य के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का मौके पर आंकलन करने हेतु 16.10.2025 को एक आईएमसीटी का गठन किया गया । आईएमसीटी ने 3.11.2025 से 5.11.2025 तक प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया । इस मंत्रालय को महाराष्ट्र राज य सरकार से कोई औपचारिक ज्ञापन प्राप्त नहीं हुआ है । ऐसा उत्तर में माननीय मंत्री जी ने कहा । कल खुद कृषि मंत्री जी ने भी कहा कि महाराष्ट्र सरकार की ओर से कोई प्रस्ताव नहीं आया है ।

यहां सदस्य प्रश्न पूछते हैं और मंत्री जी उन्हें उत्तर देते हैं । अगर जवाब गलत आ रहे हैं तो यह हमारा प्रिविलेज बनता है । हमारे अधिकारों का आप संरक्षण कीजिए । (व्यवधान) महाराष्ट्र सरकार की ओर से केंद्र सरकार को कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है या नहीं, इसके बारे में सरकार बताए । (व्यवधान)